हरिभूमि
सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 26 अक्टूबर 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

शातिर चोर चालू लाइन से ट्रांसफार्मर और एलटी लाइन केबल कर रहे चोरी

विद्युत उपकरणों की चोरी बनी विभाग के लिए चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में विद्युत विभाग एक तरफ जहां बिजली की चोरी से परेशान है तो वहीं अब विभाग के सामने विद्युत सा मा नों की चोरी बड़ी चुनौती बन गई है। एक साल के अंदर विभाग के तीन ट्रांसफार्मर के साथ ही बड़ी मात्रा में एलटी लाइन केबल की चोरी करने के 10 से अधिक प्रकरण सामने आए। बड़ी बात यह है कि चोर बेहद शातिर और प्रशिक्षित है, ऐसा इसलिए क्यों कि वे चालू लाइन से ही ट्रांसफार्मर और केबल की चोरी कर रहे है। लगातार हो रही चोरियों के सामने विभाग बेबस महसूस कर रहा है, विभाग की ओर से संबंधित थानों में अपराध दर्ज कराया गया है लेकिन अब तक किसी भी मामले में कार्रवाई नहीं हो पाई है।

खास बात
- जिले में दस से अधिक प्रकरण आए सामने


ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत लाइन सुधार करते कर्मचारी।

बता दें कि सरगुजा में बिजली की चोरी विद्युत विभाग के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। शहरी के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में लोग बिजली चोरी के नए-नए तरीके निकाल रहे है जिससे विभाग को लाखों का नुकसान तो होता ही है, अब विभाग के लिए सबसे बड़ी चुनौती विद्युत सामग्रियों की चोरी बन गई है। जिले में लगातार ट्रांसफार्मर और एलटी लाइन केबल चोरी के मामले सामने आ रहे है। हाल ही में जिले के दरिमा थाना अंतर्गत टपरकेला क्षेत्र से रातों रात चोरों ने चालू ट्रांसफार्मर को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। जिस ट्रांसफार्मर से रात को विद्युत सप्लाई हो रही थी उसे चोरों ने बेहद शातिर तरीके से पार किया। ट्रांसफार्मर चोरी की यह कोई पहली घटना नहीं है। जिले में इसके पहले बतौली और खमरिया क्षेत्र से भी ट्रांसफार्मर चोरी हो चुके है। इतना ही नहीं चोर ग्रामीण क्षेत्रों में खिंचे गए एलटी लाइन की भी चोरी कर रहे है। एलटी लाइन चोरी की सर्वाधिक घटनाएं जिले के दरिमा थाना क्षेत्र में हुई हैं। ट्रांसफार्मर और एलटी लाइन चोरी के 10 से अधिक मामले सामने आए है। बड़ी बात यह है कि ट्रांसफार्मर और एलटी लाइन चोरी की घटनाओं को लेकर विभाग बेबस है। विभाग द्वारा इन चोरियों की एफआईआर संबंधित थाने में दर्ज कराई गई है और जिले के एसपी को भी इसकी प्रतिलिपि दी गई है लेकिन चोरियों के मामले में अब तक कोई खास सफलता नहीं मिल पाई है।

प्रशिक्षित चोर दे रहे अंजाम

चालू लाइन से जिस तरह रातोंरात ट्रांसफार्मर और एलटी लाइन की चोरी हो रही है उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि इन वारदातों को प्रशिक्षित लोग ही अंजाम दे रहे है। चालू लाइन से चोरी करने के दौरान की गई छोटी सी चूक जान ले सकती है बावजूद इसके चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे जान जोखिम में डालकर इस खतरनाक वारदात को अंजाम दे रहे हैं। आखिर उन्हें बिजली के तारों और ट्रांसफार्मर को खोलने का इतना अनुभव कहां से मिल रहा है ये बड़ा सवाल है। हालांकि विभाग का कहना है कि पहले के ट्रांसफार्मर में कॉपर तार और ऑयल होता था लेकिन अब के ट्रांसफार्मर में एल्युमिनियम, स्टील, आयरन प्लेट रहता है जो उनके किसी काम नहीं आता है। इससे सिर्फ विभाग को ही लाखों का नुकसान होता है।

हो रही है चोरियां

जिले में ट्रांसफार्मर और एलटी लाइन की चोरियां हो रही है। इसकी शिकायत संबंधित थाने में करने के साथ ही प्रतिलिपि एसपी को दी गई है। इन चोरियों से 10 लाख से अधिक का नुकसान हो चुका है। इसके पीछे जानकार लोग हो सकते है जो चालू लाइन को काटकर चोरी कर रहे है।

-आर नागवंशी
ईई विद्युत विभाग





खबर संक्षेप

चंद्रपुर पुलिस ने स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

चंद्रपुर। सक्ती पुलिस द्वारा फरार स्थायी वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन बॉज के तहत थाना चंद्रपुर पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने स्थायी वारंटी विशाल उर्फ लोदन यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उसे जेल दाखिल कराया गया। कार्रवाई के दौरान 24 अक्टूबर को स्थायी वारंटी विशाल उर्फ लोदन, पिता बाबूलाल यादव, उम्र 23 वर्ष, निवासी मिट्ठू मुंडा, राजीव गांधी नगर, थाना जूटमिल, जिला रायगढ़ को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जेल दाखिल कराया गया। सक्ती पुलिस द्वारा ऑपरेशन बॉज के तहत फरार स्थायी वारंटियों की पतासाजी और गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का उद्देश्य न्यायालयीन प्रक्रिया का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखना है।

26 तक व्याख्याता के लिए ऑनलाइन आवेदन

सारंगढ़। लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा व्याख्याता हिन्दी, व्याख्याता अंग्रेजी, व्याख्याता संस्कृत, व्याख्याता भौतिकी, व्याख्याता राजनीति शास्त्र, व्याख्याता इतिहास, व्याख्याता भूगोल एवं व्याख्याता अर्थशास्त्र के रिक्त पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल रायपुर पूर्व नाम सीजी व्यापम ने 26 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। परीक्षा की संभावित तिथि 29 नवंबर रविवार है। यह परीक्षा 5 संभागीय मुख्यालय रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर और दुर्ग में होगा। अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन पद्धति से किया जावेगा। छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी अभ्यर्थीए जो परीक्षा में उपस्थित होते हैं। उनका परीक्षा शुल्क वापस कर दिया जायेगा। परीक्षा शुल्क उसी बैंक खाता में वापस किया जावेगाए जिस बैंक खाता से अभ्यर्थी ने ऑनलाइन आवेदन परीक्षा शुल्क का भुगतान किया है।

अभा अघरिया समाज केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक

तमनार। अखिल भारतीय अघरिया समाज केन्द्रीय समिति रायगढ़ छत्तीसगढ़ की कार्यककरिणी पदाधिकारियो का त्रैमासिक बैठक 25 अक्टूबर रविवार को ग्राम करवाही क्षेत्र तमनार में राष्ट्रीय अध्यक्ष उषा पटेल के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ समाज के इष्टदेव भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर मंचासिन समस्त पदाधिकारियों का अभिनंदन किया गया। स्वागत उद्बोधन याद लाल नायक अध्यक्ष तमनार एवं केंद्रीय सचिव भोजराम पटेल द्वारा बैठक के एजेंडा एवं पूर्व केंद्रीय कार्यकारिणी बैठक, कृष्ण धाम पैता में निर्माणाधीन श्रीकृष्ण भगवान मंदिर निर्माण के बारे में जानकारी दी गई। पिछले कार्यकारिणी बैठक का प्रतिवेदन पठन भुवन पटेल द्वारा किया गया। अखिल भारतीय अघरिया समाज केंद्रीय समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष उषा पटेल द्वारा कृष्ण अघरिया धाम पैता में मन्दिर निर्माण, ट्रस्ट निर्माण एवं विभिन्न पहलुओं के बारे जानकारी दी गई। पैता धाम निर्माण व अन्य विषयो पर राजेश नायक, कामता पटेल, चित्रसेन पटेल, अवतार पटेल, अरूण पटेल, रामलाल पटेल, परसराम पटेल एयदुमणि पटेल अन्य उपस्थित पदाधिकारियों ने अपना अपना सुझाव दिया गया।

एक महिला अंबिकापुर रेफर, नगर के जंगल के पास हुआ भीषण हादसा

बस-बोलेरो में भिड़ंत, एक महिला की मौत, 14 घायल





बैकुंठपुर/ चरचा कॉलरी। जिले के चरचा थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर जंगल के पास रविवार को राजहंस बस और बोलेरो नियो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद 4 बच्चों सहित कुल 14 लोगों को जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर लाया गया। इनमें 28 वर्षीय महिला रितु की मृत्यु हो गई, जबकि घायल गीतांजलि कोल को बेहतर उपचार के लिए अंबिकापुर रेफर किया गया है। अस्पताल से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अन्य उपचाररत घायलों की स्थिति सामान्य है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजहंस बस रांची से चिरमिरी की ओर जा रही थी। इसी दौरान मनेंद्रगढ़ से कुदरगढ़ जा रही बोलेरो नियो क्रमांक सीजी 16 सीएस 8355 से उसकी टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर पहुंचाया गया। जिले के चरचा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नगर के जंगल के पास रविवार सुबह करीब 7 बजे राजहंस यात्री बस और बोलेरो के बीच भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। रांची से मनेन्द्रगढ़ की ओर जा रही राजहंस यात्री बस क्रमांक सीजी 14 एमटी 0873 की चिरमिरी-खोंगापानी से कुदरगढ़ की ओर आ रही बोलेरो क्रमांक सीजी 16 सीएस 8355 से आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो में सवार लोग घायल हो गए। अस्पताल से उपलब्ध विवरण के अनुसार, घायलों में दीपक कोल, सुमन कोल, प्रिया कोल, सुनीता पति विदेशिया कोल, दीपाली कोल, सुनीता पति जय कोल, राधा कोल और मधुबाला शामिल हैं। गीतांजलि कोल को अंबिकापुर रेफर किया गया है। मृतका की पहचान रितु पति नीरज कुमार कोल, उम्र 28 वर्ष, के रूप में हुई है। अस्पताल में भर्ती एक वर्षीय बच्चे का भी उपचार जारी है और उसकी स्थिति सामान्य बताई गई है। दुर्घटना के वास्तविक कारणों और परिस्थितियों की पुष्टि जांच के बाद हो सकेगी। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही थाना चरचा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी प्रशिक्षु उप निरीक्षक पन्ना लाल एवं उप निरीक्षक घनश्याम यादव पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में चिकित्सकों की देखरेख में घायलों का उपचार शुरू किया गया। इस दुर्घटना में राजहंस यात्री बस में सवार यात्रियों को गंभीर चोटें आने की जानकारी सामने नहीं आई है। बस में सवार यात्रियों के सुरक्षित रहने से राहत रही, लेकिन बोलेरो में सवार लोगों के घायल होने और उपचार के दौरान एक महिला की मौत से क्षेत्र में दुःख का माहौल है।

राजहंस बस से पहले भी हो चुका है हादसा- राजहंस यात्री बस और बोलेरो के बीच ग्राम पंचायत नगर के जंगल के पास हुई दुर्घटना के बाद कुछ वर्ष पहले हुई एक अन्य सड़क दुर्घटना की भी चर्चा होने लगी है। बताया जाता है कि इससे पहले भी राजहंस यात्री बस से जुड़ा एक हादसा थाना चरचा क्षेत्र के ग्राम पंचायत फूलपुर के पास हुआ था। उस समय राजहंस यात्री बस मनेन्द्रगढ़ से रांची की ओर जा रही थी। इसी दौरान फूलपुर के पास स्थित पुलिया पर बस ने एक ऑटो को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। पुरानी घटना में बस की ऑटो से पीछे से टक्कर हुई थी, जबकि हालिया हादसे में ग्राम पंचायत नगर के जंगल के पास बस और बोलेरो के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हुई है।

जिला अस्पताल पहुंचा प्रशासनिक अमला- घटना की जानकारी मिलते ही कोरिया कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने अस्पताल प्रबंधन को घायलों का तत्काल समुचित एवं प्रभावी उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर डीडी मंडावी, एसडीएम श्रीमती दीपिका नेताम एवं अन्य अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे। अधिकारियों ने चिकित्सकों और अस्पताल के कर्मचारियों से घायलों की स्थिति तथा उपचार की जानकारी ली और आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

अमानक खाद आपूर्ति मामले में मुख्य आरोपी रीवा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में अमानक खाद की आपूर्ति के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को मध्य प्रदेश के रीवा जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर चिरमिरी समिति को 600 बोरी अमानक खाद की आपूर्ति करने का आरोप है। जब्त खाद की कीमत 7 लाख 80 हजार रूपए बताई गई है।



■ न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया

पुलिस ने आरोपी को 24 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। मामला उप संचालक कृषि, बैकुंठपुर के आदेश और कलेक्टर कोरिया द्वारा गठित जांच दल की रिपोर्ट से जुड़ा है। वर्ष 2025 के खरीफ सीजन में उर्वरक में मिलावट की शिकायतों के बाद जांच की गई थी। इस दौरान छिंदडांड़ शासकीय गोदाम से चिरमिरी समिति को भेजी गई 600 बोरी खाद अमानक स्तर की पाई गई। प्रत्येक बोरी का वजन 50 किलोग्राम था। इस तरह कुल 30 हजार किलोग्राम खाद की आपूर्ति की गई थी, जिसकी कीमत 7.80 लाख रुपये बताई गई है। जांच में मध्य भारत एग्रो प्रोडक्ट्स लिमिटेड, यूनिट-2, ओसवाल ग्रुप, सागर के प्रतिनिधि एवं सेल्स मैनेजर मनीष त्रिपाठी की भूमिका सामने आई। मामले में थाना बैकुण्ठपुर में अपराध क्रमांक 401/2025 के तहत आवश्यक वस्तु अधिनियम तथा उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के प्रावधानों के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह एवं एसडीओपी मोहसिन खान के मार्गदर्शन में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। थाना बैकुण्ठपुर के निरीक्षक दिनेश कुमार चंद्रा एवं निरीक्षक अमोल खलखो के नेतृत्व में टीम को आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मध्य प्रदेश के मऊगंज भेजा गया। टीम में उपनिरीक्षक लवांग सिंह एवं आरक्षक रोशन इक्का शामिल थे। स्थानीय थाना मऊगंज पुलिस के सहयोग से तकनीकी एवं मैदानी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी मनीष त्रिपाठी (44 वर्ष), निवासी मनगवां, वार्ड क्रमांक 5, बस स्टैंड के पास, जिला रीवा (मध्य प्रदेश) को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

ठंड की दस्तक के साथ ही गर्म कपड़ों का बाजार सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



ठण्ड की दस्तक देने के साथ ही शहर में गर्म कपड़ों के अस्थाई दुकाने मुख्य मार्ग किनारे सज गए है जहां पूरे ठण्ड के मौसम तक गर्म कपड़ों का बाजार सजा रहेगा और लोगों की खरीदी चलती रहेगी।

■ ठंड बढ़ते ही बढ़ेगी ग्राहकी

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ठण्ड की शुरूआत होने के साथ ही शहर के स्कूलपारा मुख्य मार्ग के पास खाली भू-खंड पर गर्म कपड़ों के व्यापारियों ने रविवार को अपना अस्थाई दुकाने सजा दी। इसके अलावा अन्य व्यापारी भी अपनी अस्थाई दुकाने लगाने की तैयारी में जुटे हुए हैं। इन व्यापारियों के पास विभिन्न तरह के गर्म कपडे का स्टॉक मौजूद है। इसके अलावा कंबल, जैकेट, स्वेटर, टोपी शॉल उपलब्ध है जहां अब दुकान सजने के साथ ही ग्राहकों की खरीदी भी शुरू हो गई है। पहले दिन गर्म कपड़ों की दुकानों पर ग्राहकी ज्यादा नहीं रही लेकिन जैसे ही लोगों को दुकान लगने की जानकारी होगी, इसके साथ ही खरीदी के लिए लोगों की भीड़ अस्थाई गर्म कपड़ों की दुकानों पर जुटने लगेगा। प्रतिवर्ष इस स्थल पर गर्म कपड़ों के व्यापारी ठण्ड के मौसम में अच्छा खासा व्यवसाय कर लेते है।

मोलभाव के कारण ज्यादा ग्राहकी

सड़क किनारे अस्थाई गर्म कपड़ों की दुकान सजने के बाद अब ग्राहकों की भीड़ भी जुटना शुरू हो जाएगा। इन दिनों में ग्राहक व्यापारियों से मोलभाव करते है और ग्राहकों को छूट भी दे देते है जिसके कारण अस्थाई गर्म कपड़ों की दुकानों पर ग्राहकी ज्यादा होती है वही स्थाई दुकानों में एक दाम या फिर कम छूट के चलते ज्यादातर ग्राहक जाना पसंद नही करते यही कारण है कि ठण्ड के इस मौसम में अस्थाई गर्म कपड़ों की दुकानो में खरीदी करने वालों की भीड़ सबसे ज्यादा जुटती है। एक ही जगह पर कई दुकाने होने के कारण व्यापारी भी ग्राहक को मोलभाव के बाद छूट देते है।

प्रेम विवाह के पांच साल बाद पत्नी की हत्या

अनूपपुर। जिले के कोतमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रेउसा के टीकई टोला में पत्नी की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। प्रेम विवाह के करीब पांच साल बाद चरित्र पर संदेह को लेकर हुए विवाद में पति पर अपनी 23 वर्षीय पत्नी चंदा कोल की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या करने का आरोप है। वारदात के बाद आरोपी पति कथित तौर पर रातभर पत्नी के शव के साथ सोता रहा। सुबह होने पर उसने शव को दूसरे कमरे में रख दिया और साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से घर में गोबर से लिपाई कर दी। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कोतमा पुलिस ने जांच शुरू की और 24 घंटे के भीतर आरोपी पति सुदामा आगरिया को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर मामले के अन्य पहलुओं की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 23 वर्षीय चंदा कोल ने करीब पांच वर्ष पहले 26 वर्षीय सुदामा आगरिया से प्रेम विवाह किया था। बताया जाता है कि पति-पत्नी के बीच पिछले कुछ समय से विवाद चल रहा था। आरोपी अपनी पत्नी के बार-बार मायके जाने और उसके चरित्र पर संदेह को लेकर उससे विवाद करता था। इसी पारिवारिक कलह ने बुधवार देर रात गंभीर रूप ले लिया। आरोप है कि बुधवार देर रात शराब के नशे में घर पहुंचे सुदामा आगरिया का पत्नी चंदा से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने लाठी-डंडों से पत्नी पर हमला कर दिया। हमले में सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण चंदा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद घर में मातम और पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। हत्या के बाद आरोपी के कथित कृत्य ने मामले को और गंभीर बना दिया। आरोप है कि पत्नी की मौत के बाद वह रातभर उसके शव के साथ सोता रहा। सुबह होने पर उसने शव को दूसरे कमरे में रख दिया और साक्ष्य छिपाने के इरादे से घर में गोबर से लिपाई कर दी।

रेत के अवैध उत्खनन, मिनी हाइवा और 2 ट्रैक्टर जब्त



बिलासपुर। जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ खनिज एवं पुलिस विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक मिनी हाईवा और दो ट्रैक्टर जब्त किए हैं, शनिवार को तहसील बचरा पोंड़ी और पटना क्षेत्र में यह कार्रवाई की गई।

■ बचरा पोंड़ी और पटना क्षेत्र में खनिज व पुलिस विभाग की दबिश

खनिज अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान चिरमी की गेज नदी और डुमरिया की गोबरी नदी में रेत के अवैध उत्खनन तथा बिना वैध परिवहन पारपत्र के परिवहन के मामले सामने आए। मौके पर कार्रवाई करते हुए तीनों वाहनों को जब्त किया गया। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जब्त वाहनों में राजू खान का बिना नंबर प्लेट वाला आयशर ट्रैक्टर, चंद्रमा राजवाड़े का सोल्ड अंकित महिंद्रा ट्रैक्टर तथा विनोद खलखो का वाहन क्रमांक सीजी 29 एसी 9874 शामिल है।

खनिज विभाग के अनुसार, संबंधित वाहन मालिकों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किए गए हैं। आगे की कार्रवाई खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 तथा संबंधित नियमों के प्रावधानों के अनुसार की जाएगी। खनिज अधिकारी ने बताया कि खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

पीएम जनमन से बदल रही पीवीटीजी बस्तियों की तस्वीर

रायगढ़। राज्य सरकार द्वारा विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों पीवीटीजी के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान पीएम जनमन के माध्यम से रायगढ़ जिले के दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले बिरहोर एवं पहाड़ी कोरवा परिवारों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित विभागों के माध्यम से इन परिवारों को सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, पोषण और आजीविका से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिले के तमनार, घरघोड़ा, लैलूंगा, धरमजयगढ़ और खरसिया विकासखंडों की 52 ग्राम पंचायतों की 53 पीवीटीजी बसाहटों के 961 परिवार इस अभियान के दायरे में हैं। इन परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

साहित्य ही समाज की दिशा का करता है निर्धारण: श्याम बिहारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



कोरिया जिले में साहित्य का महाकुंभ कोरिया साहित्य महोत्सव शनिवार शाम झुमका ओपन थियेटर में प्रारंभ हुआ। छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कोरिया साहित्य महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ किया।

शुभारंभ अवसर पर जिले की प्रशासनिक प्रमुख कलेक्टर कोरिया श्रीमती रोक्तिमा यादव, दक्षिण पूर्व कोयला प्रक्षेत्र के बैकुंठपुर महाप्रबंधक नरेश प्रसाद, अंचल के वरिष्ठ साहित्यकार वीरेंद्र श्रीवास्तव और देवेंद्र तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य में लोक कला, संस्कृति और साहित्य का दो दिवसीय महाकुंभ का चतुर्थ संस्करण पूरे उल्लास के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर पूरे प्रदेश के दर्जनों साहित्यकार, संस्कृति धर्मी, कवि, प्रशासनिक अधिकारी और कलाप्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कोरिया साहित्य महोत्सव में पधारे केबिनेट मंत्री श्याम बिहारी ने मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा साहित्य से समाज की दिशा तय होती है। साहित्यधर्मियों और कलाकारों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे समाज में साहित्यकार हमेशा जन चेतना जगाकर लोकहित का मार्ग दिखाता है और सद साहित्य वर्तमान के साथ ही भविष्य में आने वाली पीढ़ी का भी मार्ग प्रशस्त करता है। श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि कोरिया साहित्य महोत्सव तेजी से पूरे प्रदेश में अपनी एक विशिष्ट पहचान बना रहा है।

संस्कृति और लोक कलाओं के प्रदर्शन के साथ साहित्य की पावन धारा को आगे बढ़ाने के लिए पूरी टीम अभिव्यक्ति का कार्य उल्लेखनीय है। उन्होंने संस्कृति विभाग की सहभागिता से यह आयोजन नियमित रूप से आयोजित कराए जाने हेतु हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।

1 नवंबर से बढेगा दूध का भाव, पशु आहार की बढ़ती कीमत से लिया गया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदा

पशु आहार की बढ़ती कीमतों और दूध के अपेक्षाकृत कम दाम से परेशान बलौदा ब्लॉक के पशुपालकों ने दूध की नई दरें निर्धारित करने का निर्णय लिया है। दुग्ध उत्पादक किसान संगठन बलौदा की आपात बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि 1 नवंबर से क्षेत्र में गाय का दूध 60 रुपये और भैंस का दूध 70 रुपये प्रति लीटर की दर से बेचा जाएगा।

संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि पशुपालन में लगातार बढ़ती लागत के कारण किसानों के सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। ऐसे में दूध का उचित मूल्य सुनिश्चित करना जरूरी हो गया है। खर्च बढ़ने से दुग्ध उत्पादकों का मुनाफा घट रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए संगठन ने नई दरें लागू करने का निर्णय लिया है। संगठन द्वारा घोषित दरों के अनुसार 1 नवंबर से बलौदा ब्लॉक क्षेत्र में गाय का शुद्ध दूध 60 रुपये प्रति लीटर और भैंस का शुद्ध दूध 70 रुपये प्रति लीटर की दर से बेचने का निर्णय लिया गया है। संगठन ने अपने सदस्यों से निर्धारित दरों का पालन करने की अपील की है। साथ ही, डेयरी संचालकों और दूध विक्रेताओं से भी नई दरों के अनुरूप खरीद-बिक्री करने को कहा गया है। संगठन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित दरों से कम कीमत पर दूध बेचने को लेकर वह सख्ती बरतेगा। इसके लिए क्षेत्र में निगरानी व्यवस्था बनाने और विशेष टीमों के माध्यम से दूध की आपूर्ति पर नजर रखने की बात कही गई है।

TOP IN SURGUJA















खबर संक्षेप



कमलापुरी वैश्य समाज ने धूमधाम से मनाया शरद पूर्णिमा

सीतापुर। कमलापुरी वैश्य समाज द्वारा शरद पूर्णिमा का पर्व बेहद हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज द्वारा कमलापुरी भवन में कमला माता की विशेष पूजा-अर्चना, हवन पूजन किया गया। इसके बाद समाज द्वारा कमलापुरी भवन से माता कमला की झांकी के साथ नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में समाज की महिला, पुरुष एवं युवा काफी संख्या में शामिल हुये। नगर भ्रमण के बाद शोभायात्रा वापस कमलापुरी भवन पहुंची जहां सामूहिक भोज का आयोजन किया गया जिसमें समाज के सभी सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर कमलापुरी समाज के पदाधिकारी कार्यकर्ता समेत काफी संख्या में महिला पुरुष एवं युवा शामिल थे।

सीएमएचओ के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले स्वास्थ्यकर्मी, नोटिस जारी



अंबिकापुर। जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने और मरीजों को समय पर उपचार मुहैया कराने के उद्देश्य से सीएमएचओ डॉ. विजय कुमार सिंह ने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का सायंकालीन औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरियों में व्यवस्थाओं, स्वास्थ्य सेवाओं और स्टाफ की उपस्थिति की गहन पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान कुछ अधिकारी व कर्मचारी कार्यस्थल से अनुपस्थित पाए गए जिस पर सीएमएचओ ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित कर्मियों को 'कारण बताओ नोटिस' जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि कार्य में लापरवाही या अनधिकृत अनुपस्थिति कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी, क्योंकि कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति ही सेवाओं की गुणवत्ता तय करती है। डॉ. सिंह ने समस्त मैदानी अमले को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी-कर्मचारी अनिवार्य रूप से अपने निर्धारित मुख्यालय में ही निवास करें और तय समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य केंद्र ही ग्रामीणों का मुख्य सहारा हैं, इसलिए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का क्रियान्वयन पूरी संवेदनशीलता के साथ होना चाहिए।

कर्मा देखने गए युवक की बाइक हुई चोरी, जुर्म दर्ज

बिश्रामपुर। ग्राम बतरा के उडारबहरा में गत दिनों कर्मा देखने गए एक युवक की बाइक को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है। करंजी पुलिस ने बताया कि ग्राम खोपा निवासी प्रार्थी शिवकुमार राजवाड़े पिता जगल राजवाड़े गत दिनों विजयादशमी के अवसर पर आयोजित कर्मा कार्यक्रम देखने ग्राम बतरा के उड़ारबहरा गया था। इसी दरम्यान रात में ही अज्ञात चोरों ने प्रार्थी की हीरो स्प्लेंडर बाइक क्रमांक सीजी 29 एजे 7760 को चोरी कर लिया है। मामले में प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

केंवई नदी के समीप मुक्तिधाम में जुआ फड़

अनूपपुर। अनूपपुर जिले में कानून व्यवस्था और कथित अवैध गतिविधियों को लेकर सवाल उठने लगे हैं। जुआ फड़ों और कबाड़ कारोबार से जुड़ी शिकायतों के बीच पुलिस की निगरानी



व्यवस्था, सूचना तंत्र तथा प्रभावी कार्रवाई को लेकर आमजन में असंतोष की बातें सामने आ रही हैं। विशेष रूप से केंवई नदी के समीप नर्सरी के पीछे स्थित मुक्तिधाम एवं आस-पास में कथित तौर पर बड़े पैमाने पर जुआ संचालित होने के मामले ने चर्चा को तेज कर दिया है। ऐसे में सवाल यह है कि यदि संबंधित थानाक्षेत्र में इस तरह की गतिविधियां संचालित होने की सूचनाएं सामने आ रही हैं, तो उनकी जांच और रोकथाम के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं कानून व्यवस्था का उद्देश्य केवल अपराध दर्ज करना या घटना होने के बाद कार्रवाई करना नहीं, बल्कि अपराधों की रोकथाम, असामाजिक तत्वों में कानून का भय और आम नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास कायम करना भी है। यदि किसी क्षेत्र में कथित अवैध गतिविधियों को लेकर लगातार शिकायतें सामने आती हैं, तो संबंधित थाना स्तर से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तक उनकी समीक्षा और कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट होना आवश्यक है। केंवई नदी के समीप नर्सरी के पीछे स्थित मुक्तिधाम एवं आस-पास में कथित तौर पर बड़े पैमाने पर जुआ खेले जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि यहां लाखों रुपये के दांव लगाए जा रहे हैं। जिले में जुआ और कबाड़ कारोबार से जुड़ी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाना आवश्यक है।

बेहतर आवागमन सुविधा से जिलेवासी वंचित

जिला मुख्यालय से सामरी मार्ग परियोजना पिछले 18 वर्षों से अधर में, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिला मुख्यालय से चांदो, सामरी, कुसमी होकर गुजरने वाली सड़क जिले के अंतिम क्षेत्र बॉर्डर के गांव करौंदा जाने वाली शॉर्टकट रोड है। हैरानी की बात तो यह है कि यह परियोजना पिछले 18 साल से अटकी हुई है जिससे जिले वासी ने सिर्फ बेहतर आवागमन सुविधा से वंचित है बल्कि बलरामपुर जिले वासियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग नियमित रूप से चालू नहीं होने से क्षेत्र के लोगों को अतिरिक्त दूरी तय करने को मजबूर है।

खास बात
- 29 करोड़ की लागत से बन रही सड़क

बलरामपुर से चांदो कंठी घाट होकर सामरी होते हुए कुसमी जाने वाली मार्ग परियोजना में चादों से सामरी की लगभग 26 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए वर्ष 2008 में स्वीकृति प्रदान हुई थी। लोक निर्माण विभाग 36 लाख की टेंडर से 26 किलोमीटर की सड़क निर्माण करवा रहा था और घाट कटिंग करके बेहतरीन सड़क निर्माण कराया जा रहा था ताकि पाठ क्षेत्र को इस सड़क के निर्माण होने से लाभ मिल सके। लेकिन जब इस मार्ग का निर्माण होने लगा तो लगभग 8 किलोमीटर की कंठी घाट मार्ग में फायर क्लीयरेंस नहीं मिलने के कारण यह काम रोक दिया गया तब से लेकर कई वर्षों तक या काम अधूरा ही रह गया। इसके बाद पुनः वर्ष 2022-23 में सभी क्लीयरेंस मिलने के बाद इस मार्ग का पुनर्निर्माण शुरू किया गया। लेकिन पहाड़ी इलाका होने और घाट क्षेत्र होने के कारण और ठेकेदार के लापरवाही के कारण दोबारा इस परियोजना के चालू होने के बाद भी सड़क निर्माण पिछले 18 सालों से लगभग 8 किलोमीटर की सड़क निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। ऐसे में पहाड़ी क्षेत्र और जिला मुख्यालय के लोग इस मार्ग का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। लगभग 8 किलोमीटर की सड़क निर्माण कार्य पिछले 18 सालों से कभी लागत बढ़ने की वजह से तो कभी फायर क्लीयरेंस लिए नहीं मिलने की वजह से तो कभी लोक निर्माण विभाग और कभी ठेकेदार की लापरवाही से अधूरा पड़ा हुआ है। इस 8 किलोमीटर की सड़क पहले जहां मात्र 36 लाख में बन रही थी उसकी लागत अब कई गुना बढ़ करके 29 करोड़ पहुंच गई है। 29 करोड़ की लागत से इस 8 किलोमीटर की सड़क निर्माण कार्य वर्ष 2023 24 से अधूरा पड़ा हुआ है और 8 किलोमीटर की सड़क देखा जाए तो पिछले 4 सालों से नहीं बन सका।



निर्माणाधीन सड़क।

साल 2008 में घाट कटिंग और सड़क की मिली

बलरामपुर से कंट्री घाट से होकर गुजरी सड़क के लिए वर्ष 2008 में घाट कटिंग का रोड बनाने की स्वीकृति मिली थी। तब से लेकर के वर्ष 2026 तक लगभग 18 सालों से यह रोड निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है। 18 सालों से 8 किलोमीटर का समय निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है और लागत 36 लाख से 29 करोड़ पहुंच गई है। ऐसे में अगर अब भी सड़क नहीं बनी तो आने वाले दिनों में सड़क की लागत और भी बढ़ सकती है।

जिला मुख्यालय से जुड़ता है दर्जनों गांव

इस सड़क परियोजना के चालू हो जाने से सामरी पाठ क्षेत्र के दर्जनों गांव सीधे जिला मुख्यालय से जुड़ जाता और कम खर्च और कम समय में लोग सीधे जिला मुख्यालय पहुंच जाते हैं। सामरी पाठ क्षेत्र के दर्जनों गांव वालों को बलरामपुर जिला मुख्यालय कलेक्टर ऑफिस, जिला अस्पताल, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला न्यायालय, जिला जेल सहित विभिन्न जिला स्तरीय कार्यालय के लिए जिला मुख्यालय आने हेतु उन्हें 50 किलोमीटर से भी ज्यादा अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा है। ऐसे में लोगों को समय के साथ-साथ अतिरिक्त पैसे के भी खर्च करना पड़ रहा है। पठारी क्षेत्र के लोगों को जिला मुख्यालय आने में न सिर्फ परेशानियों का सामना करना पड़ता है बल्कि सड़क निर्माण नहीं होने से उनके लिए सफर भी कष्टदायक हो गई है। लोगों की मांग है कि जिला प्रशासन को ही सड़क परियोजना को पूरा करने में अपनी पूरी जिम्मेदारी निभाना चाहिए और जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य को पूरा करें ताकि सामरी पाठ क्षेत्र के लोग जिला मुख्यालय तक आसानी से पहुंच सके।

हुआ है सिर्फ 50 प्रतिशत कार्य

अभी हाल ही में इस सड़क का 50 प्रतिशत ही निर्माण हुआ है। ठेकेदार के लापरवाही की वजह से धीमा गति से काम होने से बरसात शुरू हो गया। ऐसे में सड़क पुनः खराब हो गया और वैकल्पिक तौर पर चल रहे यात्री बसों को कलेक्ट्रेट के निर्देशानुसार बंद कर दिया गया। लेकिन बारिश थम जाने के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं होने से यह सड़क मार्ग पिछले 3 महीने से ऊपर से बंद है। जबकि इस मार्ग के नहीं बनने से सामरी पाठ क्षेत्र के छात्र-छात्राएं समय पर परीक्षा देने मुख्यालय नहीं पहुंच पाते और गंभीर मरीजों को जिला चिकित्सालय में समय पर नहीं पहुंचने से इजाल से वंचित हो जाते है। इसके अलावा न्यायालय संबंधित कार्य के लिए भी लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

रिपोर्ट कलेक्टर को प्रस्तुत की जा चुकी है

कंठी घाट मार्ग निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति 22 सितंबर 2022 को मिली थी। शासन के तरफ से 30 करोड़ 45 लाख रुपए बजट पास हुआ था। कार्य आदेश 3 अक्टूबर 2023 को मिली थी और टेंडर प्रक्रिया करके टेंडर मारुति कंस्ट्रक्शन रायपुर को प्रदान किया गया था। कार्य को एक वर्ष के भीतर एक नवंबर 2024 तक पूरा करने निर्धारित की गई थी। ठेकेदार की धीमी गति निर्माण कार्य की वजह से यह निर्माण कार्य निर्धारित समय अवधि के बाद भी पिछले 3 साल से अटका हुआ है। वर्तमान में इस मार्ग को यात्री बसों के चलने लायक बना दिया गया है और रिपोर्ट कलेक्टर को प्रस्तुत की जा चुकी है। अभी यह सड़क पूर्ण रूप से नहीं बनी है इसलिए भारी वाहनों के लिए यह मार्ग प्रतिबंधित किया गया है।

-सीएस करवर,
ईई लोक निर्माण विभाग

मंगाई गई है रिपोर्ट

पीडब्ल्यूडी विभाग के उच्च अधिकारियों से रिपोर्ट मंगाई गई है। जांच और रिपोर्ट अंतिम चरण पर है। यह मार्ग बहुत ही दुर्घटना जैन क्षेत्र है इसलिए सभी बिंदुओं पर पीडब्ल्यूडी विभाग से इसकी रिपोर्ट मंगाई गई है। सड़क की मरम्मत के निर्देश दिए गए हैं। जैसे ही रिपोर्ट आती है यात्री बसों के लिए क्षमता के अनुसार संचालन हेतु मार्ग चालू कर दिया जाएगा।

-चंदन संजय त्रिपाठी,
कलेक्टर बलरामपुर



चिरई जसवंतपुर में लरंग साय की प्रतिमा का अनावरण 28 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लरंग साय सेवा समिति के अध्यक्ष रामलखन सिंह पैकरा ने बताया कि 28 अक्टूबर को जिला बलरामपुर के चिरई जसवंतपुर में काका लरंग साय की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। प्रतिमा अनावरण समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों प्रतिमा अनावरण किया जाना प्रस्तावित है।

- सीएम विष्णुदेव साय के हाथों प्रतिमा अनावरण प्रस्तावित

महापौर श्रीमती मंजूषा भगत की उपस्थिति में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान श्री पैकर ने बताया कि काका लरंग साय की प्रतिमा का अनावरण केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि उनके महान व्यक्तित्व, विचारों, आदर्शों, संघर्ष, सेवा और सादगी को सम्मान देने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने बताया कि काका लरंग साय पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों के अग्रणी ध्वजवाहक रहे। उन्होंने तीन बार विधायक, दो बार सांसद, केंद्रीय मंत्री तथा अविभाजित मध्यप्रदेश में राज्य मंत्री के रूप में दायित्वों का निर्वहन किया। महत्वपूर्ण सार्वजनिक पदों पर रहने के बावजूद उन्होंने सरगुजा की जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और अपनी जड़ों से अपना जुड़ाव बनाए रखा। अंबिकापुर में रेल लाइन लाने के लिए काका लरंग साय ने जनता की मांग को प्राथमिकता देते हुए रेलवे मंत्रालय के लगातार चक्कर लगाए। उन्होंने इस मांग के समर्थन में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समक्ष अपना इस्तीफा तक प्रस्तुत करने की बात रखी थी। उन्होंने आगे बताया कि काका लरंग साय संत गहिरा गुरु के विचारों से भी गहराई से प्रभावित थे। संत गहिरा गुरु ने जनजातीय समाज में शिक्षा के प्रसार तथा मदिरा और मांसाहार से दूर रहने जैसे विचारों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान पार्षद मनोज गुप्ता व समिति के सदस्य मौजूद थे।



ग्राम हर्राटिकरा में राज्य स्तरीय नॉक आउट फुटबॉल स्पर्धा का शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम हर्राटिकरा स्थित खेलो इंडिया ग्राउंड में शनिवार को राज्य स्तरीय नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। 24 से 31 अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

पहले दिन खेले गए मुकाबलों में वीरपुर ने अनूपपुर को 4-3 से हराया, जबकि बैकुंठपुर ने पेनाल्टी शूटआउट में बिश्रामपुर को शिकस्त दी। प्रतियोगिता का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री के निज सहायक ओमप्रकाश राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अन्य अतिथियों में जयनगर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अमित गुप्ता, देवधन राम बिंझिया, राजेंद्र गवटिया, दशरथ राजवाड़े, वेद प्रकाश मिश्रा, रूपनारायण राजवाड़े, बुलचु राजवाड़े,नीरज सिंह, अंकित दुबे, खेल अधिकारी आरती पाण्डेय, सरपंच प्रतिनिधि सुंदर साय, पंचायत सचिव धनेश्वर प्रजापति, उपसरपंच संजय राजवाड़े, रामकुमार राजवाड़े, आलम राजवाड़े सहित अन्य ने अनूपपुर और वीरपुर की टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मुकाबले की शुरुआत कराई। पहले मैच में अनूपपुर और वीरपुर के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें वीरपुर ने 4-3 से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में बिश्रामपुर और बैकुंठपुर की टीमें आमने-सामने रहीं। इस मुकाबले का फैसला पेनाल्टी शूटआउट से हुआ, जिसमें बैकुंठपुर ने बाजी मारी। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना, अनुशासन और आपसी सद्भाव के साथ प्रदर्शन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने और अपनी खेल क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर देते हैं। अतिथियों ने कहा कि अब ग्राम पंचायत हर्राटिकरा भी खेल ग्राम बन चुका है, जो एक बेहतर कदम है। आने वाले भविष्य में यहां और भी रोचक मुकाबले देखने व सुनने को मिलेंगे। कार्यक्रम में गंगा राम, दल साय, उमेश राजवाड़े, जनक दास, संतोष रजक, विजय राजवाड़े, शनि दास, तिरपन दास सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

अधिवक्ता संघ की मेहनत रंग लाई, मंगलवार से तहसील कार्यालय में लगेगी लिंक कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

उप तहसील कार्यालय में अव्यवस्था को लेकर अधिवक्ता ऋषिराज सिंह का धरना प्रदर्शन एवं अधिवक्ता संघ का समर्थन मिलने से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया था। घंटों चले इस धरना प्रदर्शन के बाद अधिवक्ता संघ और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच आपसी सहमति के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। इस धरना प्रदर्शन के बाद अधिवक्ता संघ द्वारा लिंक कोर्ट की मांग को एसडीएम ने हरी झंडी देते हुए मान ली है। अब मंगलवार को तहसील कार्यालय में लिंक कोर्ट लगेगा।

- धरना प्रदर्शन के बाद बनी सहमति

विदित हो कि विकासखंड मैनपाट के उप तहसील राजापुर में अव्यवस्था का आरोप लगाते हुए अधिवक्ता ऋषिराज सिंह उप तहसील कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए थे।अधिवक्ता का आरोप था कि पदस्थ नायब तहसीलदार कार्यालय में ज्यादातर अनुपस्थित रहते हैं जिसकी वजह से उप तहसील कार्यालय का कामकाज काफी प्रभावित हो गया है। समय पर काम नही होने से दूर दराज क्षेत्र से आने वाले पक्षकार भी काफी परेशान हो गए है। अधिवक्ता द्वारा कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन की खबर सुन देर शाम नायब तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे। वही यह खबर जब अधिवक्ता संघ को मिली तो वो भी धरना प्रदर्शन को अपना समर्थन देने उपतहसील कार्यालय राजापुर जा पहुंचे। इस दौरान नायब तहसीलदार ने धरने पर बैठे अधिवक्ता को मनाने की भरपूर कोशिश की पर वो नही माने और अपना धरना प्रदर्शन जारी रखा। यह बात जब जब उच्चाधिकारियों को पता चली तो प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया और इस धरना प्रदर्शन को खत्म कराने की कोशिशें शुरू हो गई।,अधिवक्ता संघ वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर बुलाना चाह रहे थे ताकि उनके समक्ष वो अपनी बात रख सके। आखिरकार एसडीएम ने मोर्चा संभाला और धरने पर बैठे अधिवक्ता समेत अधिवक्ता संघ से बात की। दोनों पक्षों के बीच हुई बातचीत के दौरान अधिवक्ता संघ ने उपतहसील कार्यालय का लिंक कोर्ट सप्ताह में एक दिन तहसील कार्यालय सीतापुर में खोलने की मांग रखी। इसके अलावा उन्होंने तहसीलदार स्तर के अधिकारी को मौके पर भेजने की मांग की ताकि उनकी मौजूदगी में धरना प्रदर्शन समाप्त किया जा सके। एसडीएम ने अधिवक्ता संघ की दोनों मांगो पर सहमति जताते हुए अपने प्रतिनिधि के तौर पर दो नायब तहसीलदार उमेश तिवारी एवं राजेश यादव को मौके पर भेजा। उनके आते ही आपसी बातचीत के जरिये शिकवा शिकायत दूर करते हुए धरना प्रदर्शन को खत्म कराया गया।जिसके बाद लगभग सात घंटे तक धरने पर बैठे अधिवक्ता ऋषिराज सिंह ने रात 10 बजे अपना धरना प्रदर्शन खत्म किया।



मंगलवार को तहसील कार्यालय में लगेगा लिंक कोर्ट

अधिवक्ता संघ की मांग पर मुहर लगाते हुए एसडीएम प्राची ठाकुर ने लिंक कोर्ट को अपनी हरी झंडी दे दी है। इस संबंध में एसडीएम ने आदेश जारी करते हुए प्रत्येक मंगलवार को उपतहसील राजापुर का लिंक कोर्ट तहसील कार्यालय सीतापुर में लगाने की अनुमति दे दी है। लिंक कोर्ट का आदेश जारी होते ही अधिवक्ता संघ ने एसडीएम के प्रति आभार जताते हुए कहा कि हमारी वर्षो पुरानी मांग पूरी हो गई। इस दौरान अधिवक्ता केके दुबे, संतोष गुप्ता, विजय गुप्ता, ऋषि गुप्ता, सुनील गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, शिव गुप्ता, अरुण सोनी, अर्णव गुप्ता, गोपाल गुप्ता, जरहु मिंज, रश्मि गुप्ता, गोपी उपाध्याय, द्वारिका दास समेत अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।



अग्रवाल महिला सम्मेलन की प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अग्रसेन महाराज एवं जय माता माधवी के जयकारों के साथ अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आशा रामअवतार अग्रवाल के प्रथम नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्हें शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सम्मेलन के विस्तार, संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा सामाजिक गतिविधियों को व्यापक स्तर पर संचालित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही युगल उपासक संकीर्तन एवं प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले लीला महोत्सव को लेकर भी चर्चा हुई। उल्लेखनीय है कि लीला महोत्सव अब तक 17 जिलों में आयोजित हो चुका है। इस वर्ष इसका आयोजन शहर में किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल, उपाध्यक्ष शुभम अग्रवाल, सम्मेलन के जिला अध्यक्ष अजीत अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, कृष्ण कुमार अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रंजू अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष नीलिमा गोयल, प्रेमलता गोयल, कविता अग्रवाल, सरिता सुल्तानिया, उमा अग्रवाल, जिलाध्यक्ष लक्ष्मी अग्रवाल, सचिव अंजू, महिला सभा अध्यक्ष मधु अग्रवाल, राजरानी अग्रवाल, सेनू, ममता, रेनू सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

बिजनेस/हेल्थ प्लस

अंबिकापुर में 27 अक्टूबर को किसना डायमंड एण्ड गोल्ड ज्वेलरी शोरूम का भव्य शुभारंभ

अंबिकापुर। सरगुजा संभाग के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र अंबिकापुर में 27 अक्टूबर 2026 को प्रतिष्ठित किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी शोरूम का भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। 'हर घर किसना' के संकल्प के साथ ब्रांड अब अंबिकापुर सहित सरगुजा क्षेत्र के ग्राहकों को हीरे और सोने के आकर्षक आभूषणों की विस्तृत श्रृंखला से रूबरू कराएगा।शोरूम का उद्घाटन हरि कृष्ण ग्रुप के संस्थापक श्री घनश्याम ढोलकिया एवं अंबिकापुर के श्री अजय अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति में होगा। इस आयोजन को शहर के आभूषण कारोबार और स्थानीय बाजार के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है।



1981 में हुई थी किसना समूह की स्थापना-किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी, हरि कृष्ण ग्रुप का प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड है। वर्ष 1981 में स्थापित हरि कृष्ण ग्रुप ने हीरा उद्योग में निरंतर प्रगति करते हुए अपनी पहचान बनाई है। कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, समूह दुनिया के 128 प्रमुख ब्रांड रिटेलर्स को हीरों की आपूर्ति करता है।

59,700 हीरे जड़ी विशेष कलाकृति होगी आकर्षण का केंद्र- शोरूम के शुभारंभ अवसर पर एक विशेष हीरे की कलाकृति भी प्रदर्शित की जाएगी, जिसमें 59,700 हीरे जड़े होने की जानकारी दी गई है। आयोजकों के अनुसार, इस कलाकृति को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से जुड़ी विशेष उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। इसे देखने के लिए ग्राहक शोरूम में पहुंच सकेंगे। इसके अलावा, इस अवसर पर अनेक नायाब एवं आकर्षक हीरे-जड़ित आभूषण भी प्रदर्शित किए जाएंगे। इन आभूषणों के माध्यम से ग्राहकों को उत्कृष्ट डिजाइन और आभूषण निर्माण की बारीकियों को करीब से देखने का अवसर मिलेगा।

सरगुजा के ग्राहकों को मिलेगा नया विकल्प- अंबिकापुर में नए शोरूम की शुरुआत से शहर और आसपास के क्षेत्रों के ग्राहकों को हीरे एवं सोने के आभूषणों की खरीदारी के लिए एक नया विकल्प मिलेगा। यह पहल सरगुजा क्षेत्र में ब्रांड की उपस्थिति मजबूत करने के साथ स्थानीय ग्राहकों को आभूषणों की विविध रेंज उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। 'हर घर किसना' के संकल्प के साथ ब्रांड का उद्देश्य ग्राहकों की पसंद और जरूरतों के अनुरूप आभूषण उपलब्ध कराना तथा उन्हें खरीदारी का बेहतर अनुभव प्रदान करना है।

संकल्प हॉस्पिटल में अब गर्भाशय कैंसर के सर्जरी और कीमोथेरेपी की सुविधा

अम्बिकापुर। उत्तर सरगुजा में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में संकल्प हॉस्पिटल अम्बिकापुर ने महत्वपूर्ण पहल की है। अब गर्भाशय कैंसर के मरीजों को उपचार के लिए बिलासपुर और रायपुर जाने की परेशानी काफी हद तक कम हो सकती है। हॉस्पिटल में ख्यातिलब्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. अंकिता गोयल के नेतृत्व में गर्भाशय कैंसर की सर्जरी लैप्रोस्कोपी से बहुत छोटे चीरे से और ऑपरेशन के बाद आवश्यकतानुसार कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कीमोथेरेपी हेतु डॉ हिमांशु गुप्ता की सेवाएं उपलब्ध रहती है। डॉ. अंकिता गोयल ने बताया कि पिछले महीने गर्भाशय कैंसर के लगभग छह मरीजों का ऑपरेशन किया गया। उपचार के बाद स्वस्थ होने पर उन्हें घर भेज दिया गया है। डॉ. गोयल ने महिलाओं से अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आह्वान करते हुए बताया कि मेनोपॉज के बाद रक्तस्राव, पीरियड्स के बीच असामान्य रक्तस्राव, अत्यधिक या लंबे समय तक माहवारी, असामान्य योनि स्राव तथा पेट के निचले हिस्से में लगातार दर्द जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर समय पर स्त्री रोग विशेषज्ञ से परामर्श लेना जरूरी है। गर्भाशय कैंसर का उपचार बीमारी की अवस्था और मरीज की स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार निर्धारित किया जाता है। इसमें आवश्यकतानुसार सर्जरी और कीमोथेरेपी शामिल हो सकती है। संकल्प हॉस्पिटल में इन सेवाओं की उपलब्धता से सरगुजा एवं आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को अपने शहर में ही उपचार और आगे की देखभाल प्राप्त करने का बेहतर विकल्प मिल रहा है।



पूर्व शिकायतों के बावजूद घटिया निर्माण का आरोप

एकलव्य विद्यालय के निर्माण में खामियां देख भड़कीं कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

आदिवासी बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए प्रतापपुर विकासखंड में बनाया जा रहा 420 सीटर एकलव्य आवासीय विद्यालय अब निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवालों के घेरे में है। शनिवार को कलेक्टर रेना जमील ने निर्माणाधीन विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्यों में कमियां सामने आने पर उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण की वास्तविक स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करने को कहा।

खास बात
- 420 सीटर आवासीय विद्यालय की गुणवत्ता पर उठे सवाल

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में प्रयोगशाला, रसोईघर, शौचालय, विभिन्न कक्षों और अन्य निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने भवन की फिनिशिंग और निर्माण की गुणवत्ता में सुधार करने के निर्देश दिए। बताया गया कि पूर्व निरीक्षण में भी कुछ कमियां सामने आई थीं। इस बार उन कमियों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की गई। निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने असंतोष जताया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कमियों का परीक्षण कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने और प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। विद्यालय जैसे आवासीय संस्थान में निर्माण की गुणवत्ता केवल भवन की सुंदरता तक सीमित नहीं है। यहां विद्यार्थियों की सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, रसोईघर, शौचालय और शैक्षणिक सुविधाओं का मानकों के अनुरूप होना जरूरी है। निर्माण के दौरान बरती गई लापरवाही आगे चलकर विद्यार्थियों के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि बच्चों के भविष्य से जुड़े इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। अब जरूरी है कि निरीक्षण के निर्देश केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि निर्माण स्थल पर उनकी प्रभावी पालना भी सुनिश्चित हो। यदि जांच में गंभीर अनियमितताएं प्रमाणित होती हैं, तो नियमानुसार जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जानी चाहिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजेंद्र पाटले, अनुविभागीय अधिकारी प्रतापपुर रमेश मोर सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।


निरीक्षण करती कलेक्टर।

शिकायतों के बाद भी निर्माण पर सवाल

स्थानीय स्तर पर पहले भी निर्माण को लेकर शिकायत किए जाने की बात सामने आई है। इसके बावजूद यदि कमियां बनी हुई हैं, तो यह जांच का विषय है कि पूर्व में मिली शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई। निर्माण की गुणवत्ता की निगरानी किस स्तर पर की गई। प्रशासन की ओर से फिलहाल कमियों में सुधार और विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट सामने आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि निर्माण में किस तरह की खामियां हैं।

420 विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा है प्रोजेक्ट

प्रतापपुर विकासखंड में बन रहा 420 सीटर एकलव्य आवासीय विद्यालय आदिवासी विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण शैक्षणिक परियोजना है। इसके शुरू होने से दूरस्थ ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों के विद्यार्थियों को आवासीय व्यवस्था के साथ पढ़ाई का बेहतर अवसर मिलने की उम्मीद है। ऐसे में भवन का सुरक्षित, टिकाऊ और निर्धारित मानकों के अनुरूप होना अनिवार्य है। निर्माण में कमी रहने पर सरकारी धन के उपयोग, परियोजना की समयसीमा और विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं पर सवाल खड़े हो सकते हैं।

दोहरे हत्याकांड के आरोपी ने खुद को किया घायल, उपचार के बाद जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सूरजपुर जिले के ग्राम केशवनगर में शिक्षिका रजनी बरेठ और उसके नाबालिग पुत्र सुजल बरेठ की हत्या के आरोपी प्रवेश कुमार ने पुलिस रिमांड के दौरान खुद को घायल कर लिया। घटना के बाद पुलिसकर्मी उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के बाद उसे दोबारा जेल दाखिल करा दिया गया है।

- पुलिस रिमांड के दौरान हुई घटना, धारदार वस्तु से खुद को किया जख्मी

जानकारी के अनुसार पुलिस ने शनिवार को न्यायालय से एक दिन की रिमांड मिलने के बाद आरोपी प्रवेश कुमार को सूरजपुर जेल से बिश्रामपुर थाना लाया था। यहां उससे हत्याकांड के संबंध में पूछताछ करने के साथ कुछ सामान की बरामदगी की कार्रवाई की गई। दिनभर की पूछताछ और बरामदगी के बाद पुलिस उसे वापस जेल ले जाने की तैयारी कर रही थी। इससे पहले उसका स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए शाम करीब चार बजे सतपता-बिश्रामपुर शासकीय अस्पताल ले जाया गया। बताया जाता है कि स्वास्थ्य परीक्षण के बाद जब पुलिसकर्मी आरोपी को वापस जेल ले जा रहे थे तभी उसने कथित तौर पर अपने पास छिपाकर रखी एक धारदार वस्तु से खुद को घायल कर लिया। अचानक खून निकलने से पुलिसकर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने सुरक्षा व्यवस्था के बीच उसके घाव पर टांके लगाए,उपचार के बाद उसे पुनः जेल दाखिल करा दिया गया।



अस्पताल में शीशे का एंपुल छिपाने की चर्चा

घटना को लेकर खबर है कि स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान आरोपी ने अस्पताल में इंजेक्शन का शीशे वाला एंपुल उठाकर चुपके से अपनी जेब में रख लिया था। बाद में मौका मिलने पर उसने एंपुल तोड़कर उससे खुद को घायल कर लिया। हालांकि, इस घटनाक्रम की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। वहीं, पुलिस के एक अधिकारी ने आरोपी द्वारा वाहन में लगे वायरलेस सेट से खुद को घायल किए जाने की जानकारी दी है। घटना में इस्तेमाल वस्तु को लेकर अलग-अलग जानकारियां सामने आने के कारण स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। फिलहाल उपचार के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्प्लेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736





जिला प्रशासन ने दिव्यांगजन के लिए लगाएगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

दिव्यांगजनों को सुगम आवागमन, दैनिक जीवन में सुविधा और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिले में निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के माध्यम से एडिप योजना के अंतर्गत पात्र दिव्यांगजनों के चिन्हांकन एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की जाएगी।

- 28 से 6 नवंबर तक आयोजित होगा शिविर

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने जिले के पात्र दिव्यांगजनों से कहा है कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपने निकटतम शिविर में पहुंचकर इस पहल का लाभ लें। शिविर के माध्यम से पात्र हितग्राहियों की आवश्यकतानुसार कृत्रिम अंग, व्हीलचेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र सहित अन्य सहायक उपकरणों के लिए चिन्हांकन और वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। जिले में 28 अक्टूबर को जनपद पंचायत भवन प्रेमनगर में जनपद एवं नगर पंचायत क्षेत्र के लिए शिविर आयोजित होगा।

इसी प्रकार 29 अक्टूबर को जनपद पंचायत ओड़गी क्षेत्र के लिए मंगल भवन, 30 अक्टूबर को मंगल भवन प्रतापपुर में जनपद पंचायत तथा नगर पंचायत प्रतापपुर, जरही एवं भटगांव क्षेत्र के लिए शिविर होगा। 4 नवंबर को मंगल भवन भैयाथान में, 5 नवंबर को सामुदायिक भवन, कौशलपुर रामानुजनगर में तथा 6 नवंबर को मंगल भवन सूरजपुर में संबंधित जनपद एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों के लिए शिविर आयोजित किया जाएगा।

कीटनाशक पीने से गंभीर महिला की गई जान

अम्बिकापुर। कीटनाशक पीने से गंभीर हुई महिला की शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम लटोरी सलीबा निवासी पानो बाई बरवा पति आनंद राम बरवा (36 वर्ष) शराब पीने की आदी थी। महिला शराब पीने के बाद कभी घर आती तो कभी दो तीन दिन तक घर के बाहर ही रहती थी। 24 अक्टूबर को दो दिन बाद शराब के नशे में घर पहुंची। मां को नशे की हालत में देख पुत्र ने शराब पीकर घर से बाहर रहने पर घर का ध्यान रखने की बात कही। इसी बीच महिला ने घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। परिजन उसे तत्काल शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

सरस्वतीपुर स्थित नदी में डूबने से हुई मौत मामले में पीएम पश्चात चारों शवों को परिजन को सौंपा गया

बिश्रामपुर। जिला मुख्यालय से लगे सरस्वतीपुर रेड़ नदी में नहाने के लिए उतरने दौरान गहरे पानी में डूब कर एक ही परिवार के चार सदस्य जिसमें 3 बच्चे शामिल थे, की शनिवार को हुई मौत के बाद आज दूसरे दिन रविवार को परिजन बिश्रामपुर पहुंचे, जहां पुलिस ने चारों शवों का पीएम व पंचनामा की जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है, शवों को लेकर परिजन अपने गृहग्राम रवाना हो गए हैं।

- अंतिम संस्कार के लिए गृह ग्राम रवाना हुए परिजन

बताया गया कि मृतक विवेक सिंह 45 वर्ष और उनके 20 वर्षीय पुत्र अभिजीत का शव को परिजन बिहार के कटिहार गृह ग्राम लेकर रवाना हुए जबकि कृष्ण गोपाल पिता जितेंद्र सिंह 14 वर्ष एवं उसके सगे भाई गोपाल कृष्ण 9 वर्ष के शव को लेकर उनके पिता जितेंद्र अपने गृहग्राम यूपी बनारस लेकर रवाना हुए हैं। बताया गया कि मृतक विवेक सिंह के साढू जितेंद्र सिंह सेना में कर्नल रैंक के ऑफिसर हैं और उनकी वर्तमान पदस्थापना पुणे महाराष्ट्र में है,उनके दोनों बच्चे वहीं मिलिट्री स्कूल में पढ़ाई करते थे जो विजयादशमी में अपने नाना-नानी, मौसी के निवास सूरजपुर के चंद्रपुर ढूंढरा घूमने के उद्देश्य से आए थे,दोनों अपनी मां पिता के दो ही संतान थे, जबकि मृतक विवेक सिंह अदानी कंपनी में पोस्टेड थे और उनका इकलौता पुत्र अभिजीत उनके साथ रहता था लेकिन घटना दिवस को नियति को कुछ और ही मंजूर था,एक झटके में दो परिवार के चिरागों को बुझा दिया और कभी न भूल पाने का ग़म दे गया।घटना के बाद से दोनों परिवारों में मातम की स्थिति निर्मित है जो भी इस हृदय विदारक घटना को सुना वो स्तब्ध रह गया।घटना से परिवार और जिले में शोक का माहौल निर्मित हो गया है।



शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों में दिखा उत्साह, विभिन्न संभागों ने जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026 के दूसरे दिन खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता में प्रदेश के पांचों संभागों के खिलाड़ियों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।

खिलाड़ियों के उत्साह और रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए खेल मैदान में खेल प्रेमियों एवं दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। बैडमिंटन प्रतियोगिता के 19 वर्ष बालक वर्ग में दुर्ग संभाग ने प्रथम, रायपुर ने द्वितीय, बिलासपुर ने तृतीय तथा सरगुजा ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। 19 वर्ष बालिका वर्ग में बस्तर प्रथम, दुर्ग द्वितीय, सरगुजा तृतीय और रायपुर चतुर्थ स्थान पर रहा। इसी प्रकार 17 वर्ष बालक वर्ग में दुर्ग संभाग ने प्रथम, रायपुर ने द्वितीय, बिलासपुर ने तृतीय तथा सरगुजा ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। 17 वर्ष बालिका वर्ग में दुर्ग प्रथम, रायपुर द्वितीय, सरगुजा तृतीय और बस्तर चतुर्थ स्थान पर रहा। सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता में भी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 14 वर्ष बालक वर्ग में बिलासपुर ने प्रथम, रायपुर ने द्वितीय और दुर्ग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 14 वर्ष बालिका वर्ग में रायपुर प्रथम, दुर्ग द्वितीय और सरगुजा तृतीय स्थान पर रहा। 17 वर्ष बालक वर्ग में बिलासपुर ने प्रथम, रायपुर ने द्वितीय और दुर्ग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 17 वर्ष बालिका वर्ग में रायपुर प्रथम, बिलासपुर द्वितीय और दुर्ग तृतीय स्थान पर रहा। 19 वर्ष बालक वर्ग में बिलासपुर ने प्रथम, दुर्ग ने द्वितीय और रायपुर ने तृतीय स्थान हासिल किया। 19 वर्ष बालिका वर्ग में रायपुर प्रथम, दुर्ग द्वितीय और बिलासपुर तृतीय स्थान पर रहा। राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न संभागों के खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन और टीम भावना से दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता के आगामी मुकाबलों को लेकर भी खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह बना हुआ है।



फुटबॉल और बास्केटबॉल में भी दिखा रोमांच

फुटबॉल के 19 वर्ष बालक वर्ग में बस्तर संभाग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सरगुजा द्वितीय और दुर्ग तृतीय स्थान पर रहा। बास्केटबॉल के 17 वर्ष बालिका वर्ग में रायपुर संभाग ने प्रथम, दुर्ग ने द्वितीय और सरगुजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 14 वर्ष बालिका वर्ग में रायपुर ने प्रथम, सरगुजा ने द्वितीय और बिलासपुर ने तृतीय स्थान हासिल किया।

गांधी मैदान में रामलीला का शुभारंभ, जन चेतना कल्याण मंच के अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

रामानुजगंज। नगर के गांधी मैदान में रामलीला का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जन चेतना कल्याण मंच के अध्यक्ष विकास दुबे ने विधिवत पूजा-अर्चना और आरती कर भगवान की झांकी की पूजा की। साथ ही रामलीला का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम में भगवान की झांकी के समक्ष आरती कर श्रद्धा और भक्ति के साथ धार्मिक आयोजन की शुरुआत की गई। रामलीला के आयोजन से क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। रामलीला भारतीय संस्कृति, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों और धर्म की विजय का संदेश देने वाला महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है।

